वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) से (ग). बैंक द्वारा व्यापारियों को धन देने की वर्तमान प्रणाली में ऋण के इस्तेमाल के सम्बन्ध में काफी छानबीन करने और देखभाल करने की व्यवस्था है, ताकि ऋण सुविधाओं का गलत इस्तेमाल न हो। जहा कही भी धन के गलत इस्तेमाल का पता चलता है या बैंकों के ध्यान मे लाया जाता है, वहा बैंकों द्वारा उसे दूर करने के लिए समुचित उपाय किये जाते है। इसके अलावा जरूरी वस्तुओ के लिए दिये जाने वाले बैंक ऋण के नियन्त्रण के लिए कड़े उपाय बरते जाते है जिन्हे रिजर्व बैंक प्रशासित करता है, ताकि बैंक के धन को इन जरूरी वस्तुओ की जमाखोरी करने अथवा उनमें सट्टेबाजी करने के काम मे लाये जाने से रोका जा सके।

उपलब्ध आकडो के अनुसार दिसम्बर, 1972 के अन्तिम शुक्रवार को मध्य प्रदेश मे वाणिज्यिक बैंको की बकाया अग्रिम राशि 114.84 करोड रुपये थी।

इन्दौर में पकड़ा गया तस्करी का माल

9981. श्री फूलचन्द वर्मा : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान इन्दौर, मध्य प्रदेश मे तस्करी का कुल कितना माल पकडा गया और किन-किन व्यक्तियो तथा फर्मों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, और

(ख) इस प्रकार बरामद किये गये माल की भारतीय मुद्रा मे कितनी कीमत है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख) पिछले दो वर्षों के दौरान इन्दौर (मध्य प्रदेश) मे पकड़े गये तस्करी माल की मात्रा/मूल्य नीचे दिये अनुसार है :—

1972	रु०
कलाई-घड़ियां . .	48,860
(643 नग)	
संश्लिष्ट वस्त्र . .	28,800
संश्लिष्ट धागा .	4,440
विविध वस्तुए .	15,330
कुल जोड	97,430
1973	रु०
कलाई-घड़ियां .	9,700
(75 नग)	
संश्लिष्ट वस्त्र . .	44,240
संश्लिष्ट धागा	110
विविध वस्तुए . .	13,700
कुल जोड	67,820

जिन व्यक्तियो और फर्मों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी उनके नामो के बारे मे सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा सम्भव शीघ्र सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

Expenditure on delegations sent abroad

9982 SHRI ARVIND M PATEL:
SHRI VEKARIA:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the number of Government delegations sent abroad during the years 1972 and 1973;

(b) the purpose of their visit, the countries visited by them, the number of members in each of them and the amount spent on each of them including foreign exchange; and

(c) the total amount spent on these delegations, year-wise?